# चिकित्सा व फार्मेसी अनुसंधान मानव जीवन सुरक्षा की आधारशिला : राज्यपाल

▶ भारतीय फार्मेसी स्नातक संघ मध्यप्रदेश राज्य शाखा का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**इंदौर. जीवन की सुरक्षा में चिकित्सा एवं फार्मेसी अनुसंधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. प्रौद्योगिकी के समन्वय से चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अनुसंधान अधिक प्रभावी, तीव्र और सटीक हुआ है.**

वे आज इंदौर में भारतीय फार्मेसी स्नातक संघ मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्गत फार्मा एवं बायो साइंसेज में एआई संचालित नवाचार: सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों में दवा विकास का नया क्षितिज विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी सहित भारतीय फार्मेसी स्नातक संघ के पदाधिकारी मौजूद थे. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने संबोधन में सिकल सेल एनीमिया को करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाली गंभीर आनुवंशिक स्वास्थ्य चुनौती बताया. उन्होंने कहा कि इस रोग से निपटने की सबसे प्रभावी रणनीति समाज की सहभागिता और व्यापक जन-जागरूकता है. श्री पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2023 में शहडोल से प्रारंभ किए गए राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के अंतर्गत देश में अब तक 60 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है. मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों की जाँच हो चुकी है और राज्य डिजिटल कार्ड प्रदान करने में देश में प्रथम स्थान पर है. उन्होंने कहा कि वाहक (ट्रेट) और रोगग्रस्त (डिजीज) दोनों ही श्रेणियों की पहचान आवश्यक है, क्योंकि दोनों वाहक व्यक्तियों के विवाह से सिकल सेल रोगी बच्चों के जन्म की संभावना बढ़ जाती है. कार्यक्रम को दिपेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण अग्रवाल, करूणाकर शुक्ला, डॉ. दीपिका पाठक आदि ने संबोधित किया. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया.




**जागरूकता अत्यंत जरूरी : लालवानी**

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जागरूकता अत्यंत जरूरी है. उन्होंने कहा कि इस बीमारी से निपटने के लिए एआई कारगर होगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल मंगुभाई पटेल इस बीमारी के उन्मूलन के लिए विशेष रूप से प्रयासरत है. इनके प्रयासों मंय हम सबको सहभागी बनना होगा.

**समूल उन्मूलन का लक्ष्य**

जल संसाधन तुलसीराम सिलावट ने कहा सिकल सेल एनीमिया सबसे बड़ी चुनौती है. इस चुनौती से निपटने के लिए हर संभव प्रयास शुरू किए गए है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल मंगुभाई पटेल इस चुनौती से निपटने के लिए विशेष रूप से प्रयासरत है. वर्ष 2047 तक इस बीमारी का समूल उन्मूलन लक्ष्य है, जिसे सामूहिक प्रयासों से प्राप्त किया जाएगा. ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कारगर होंगे.

## एक नजर में

### वेटरनरी कॉलेज महू में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

महू. नानाजी देशमुख वेटरनरी कॉलेज तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग मप्र शासन के संयुक्त तत्वावधान में वेटरनरी कॉलेज महू में ग्लोबल हेल्थ की सुरक्षा में वेटरनरी प्रोफेशनल्स के लिए चुनौतियां और मौके : एक हेल्थ का नजरिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा. मीडिया प्रभारी डॉ. दीपक गांगिल ने बताया कि कॉलेज के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मनदीप शर्मा के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईएचएसएडीएल भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. एससी दुबे, वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखर वक्ता एवं विशेषज्ञ डॉ. निशांत खरे इंदौर, सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय पालमपुर के डॉ. राजेश चाहोता एवं एनआईएचएसएडीएल के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. हर्षद मुरूगका आदि होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. ब्रह्म प्रकाश शुक्ला करेंगे. इस संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. नीतू राजपूत ने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य पशु चिकित्सकों को वैश्विक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए विभिन्न चुनौतियां और अवसर के बारे में जागरूक करना है. संगोष्ठी में पशुपालन विभाग मध्य प्रदेश के लगभग 100 पशु चिकित्सक भाग लेंगे.

### मप्र फुटबॉल एसोसिएशन के निर्देशन में मैच कमिश्नर कोर्स प्रारंभ




महू. नवगठित एडहॉक इंदौर जिला फुटबॉल संघ के अंतर्गत मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन, जबलपुर के निर्देशन में मैच कमिश्नर कोर्स एवं सेमिनार का आयोजन महू में शुरू हुआ. 26 नवंबर से शुरू हुआ यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण 28 नवंबर तक चलेगा. कोर्स में भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद, मुरैना, रतलाम, नीमच, देवास, इंदौर, हरदा, खंडवा सहित विभिन्न जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए हैं. इस बार पहली बार भोपाल और देवास जिलों की दो महिला प्रतिभागियों ने भी मैच कमिश्नर कोर्स में हिस्सा लिया है, जिसे फुटबॉल प्रशासन में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है. सेमिनार में फीफा एवं ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के पूर्व मैच कमिश्नर कर्नल गौतमकर इंस्ट्रक्टर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं. कोर्स के शुभारंभ अवसर पर इंदौर जिला फुटबॉल संघ की एडहॉक कमेटी के चेयरमैन जेसी खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले, सदस्य सुरेश डामोर, शरद सिलावट एवं राकेश सिरसिया ने कर्नल गौतमकर का स्वागत किया तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं.

### राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन नि:शुल्क कंबल बांटेगा

महू. नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस एनजीओ की प्रदेश प्रमुख भावना संगेलिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्दी के मौसम में वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी अमित वर्मा के निर्देशानुसार महू शहर में नि:शुल्क कंबल वितरण कार्य किया जाएगा. जिसके अंतर्गत शहर के असहाय और खुले आसमान तले रहने वाले गरीब लोगों को कम्बल देना प्राथमिकता होगी. भावना संगेलिया ने अपील की कि जिस किसी व्यक्ति के आसपास कोई इस तरह की सहायता के योग्य असहाय और जरूरतमंद व्यक्ति हो तो उन्हें सूचित करें.

### पूर्व कमिश्नर डॉ. भार्गव का बठिंडा में व्याख्यान आज



इंदौर. 28 नवंबर को रीवा एवं शहडोल संभाग के पूर्व कमिश्नर डॉ अशोक कुमार भार्गव नागरी लिपि परिषद, नई दिल्ली तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, बठिंडा के विशेष आमंत्रण पर विश्वविद्यालयीन सभागृह, बठिंडा, पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय नागरी लिपि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रीय एकता और नागरी लिपि विषय पर अपना अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत करेंगे.

### वार्षिकोत्सव में विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा




इंदौर. दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ द्वारा आयोजित चतुर्थ वार्षिक उत्सव 29 नवम्बर को विद्यालय परिसर में भव्य रूप से संपन्न होने जा रहा है. यह आयोजन विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक उपलब्धियों के व्यापक प्रदर्शन का एक प्रतिष्ठित मंच प्रदान करेगा. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के दक्ष वाद्य-वृंद के सुमधुर प्रस्तुतीकरण से किया जाएगा. तत्पश्चात प्राइमरी वर्ग से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थी विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभाओं का विधिवत प्रदर्शन करेंगे. इस सांस्कृतिक संध्या के प्रमुख आकर्षणों में—हिंदी नृत्य-नाटिका, जो भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रभावी रूप में प्रस्तुत करेगी,तथा अंग्रेजी नाटक, जो नाट्य-कला, संवाद कौशल एवं मंच-प्रदर्शन की उत्कृष्टता को दर्शाएगाशामिल हैं. इस अवसर पर विद्यालय द्वारा वार्षिक सम्मान एवं स्कॉलरशिप वितरण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है, बल्कि उत्कृष्टता की ओर प्रेरित भी करता है.

### शराब न देने पर सेल्समैन से की मारपीट

इंदौर. राजेंद्र नगर क्षेत्र स्थित केशर बाग वाइन शॉप पर सोमवार शाम चार युवकों ने सेल्समैन को धमकाते हुए मारपीट कर दी. आरोपी कम कीमत में शराब देने का दबाव बना रहे थे. विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज कर काउंटर पर पत्थर दे मारा, जिससे बोतलें टूट गईं. जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी दे गए. राजेंद्र नगर पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार फरियादी अमित पिता अशोक जायसवाल निवासी ओबीसिटी अस्पताल के पीछे उज्जैन रोड, आगर मालवा (हाल निवास-केशर बाग वाइन शॉप, इंदौर) ने शिकायत की कि वह सोमवार शाम 6 से 7 बजे के बीच काउंटर पर बिक्री कर रहा था. इसी दौरान विज्जू अपने साथियों रवि, नितिन और करण के साथ आया और शराब कम दाम में देने की मांग करने लगा. मना करने पर चारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-पाई पर उतर आए. आरोप है कि विज्जू ने पास पड़ा पत्थर उठाकर काउंटर पर फेंक दिया, जिससे दो शराब की बोतलें टूट गईं और नुकसान हुआ. फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी जाते समय धमकी देकर बोले कि आगे कभी कम दाम में शराब नहीं दी तो जान से खत्म कर देंगे. पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

### युवक से अवैध चाकू बरामद

इंदौर. गांधीनगर पुलिस ने मंगलवार रात गश्त के दौरान हातोद रोड स्थित भैरू बाबा मंदिर के पास एक युवक को अवैध चाकू के साथ पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. गांधीनगर थाने में दर्ज प्रकरण में 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है, प्रधान आरक्षक रामनरेश तिवारी ने बताया कि रात लगभग 9.30 बजे भैरू बाबा मंदिर, हातोद रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर टीम ने दबिश दी. इस दौरान पटेल नगर, गोम्मटगिरी निवासी 28 वर्षीय सागर करोसिया को रोककर पूछताछ की गई. तलाशी में उसके कब्जे से अवैध चाकू मिला, जिसे मौके पर जप्त कर लिया. पुलिस ने चाकू जब्ती के बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है.

### सरकारी स्कूल से महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी

इंदौर. पगनीसपागा स्थित शासकीय हाई स्कूल में दिनदहाड़े दस्तावेज चोरी होने का मामला सामने आया है. घटना के बाद स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शरू कर दी है. रावजी बाजार थाना क्षेत्र में 59 वर्षीय शिकायतकर्ता चन्द्रिका तनवानी निवासी सी-5, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के पास ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर दोपहर करीब 12.45 बजे शासकीय हाई स्कूल पागनीसपागा से महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज चोरी हो गए. उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति स्कूल परिसर में घुसा और दस्तावेज लेकर फरार हो गया. चोरी का पता लगते ही स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी. रावजी बाजार पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आसपास के इलाके की जांच शुरू कर दी है.

# गीता जयंती महोत्सव आज से, शंकराचार्य सहित कई संत और विद्वान आएंगे

▶ सनातन धर्म-संस्कृति को समर्पित रहेगा सात दिवसीय आयोजन

**इंदौर.** मालवा अंचल के प्रमुख आस्था केन्द्र, मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर 68वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ 28 नवंबर को दोपहर 1 बजे वैदिक मंगलाचरण एवं शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलन के साथ होगा. जगदगुरु शंकराचार्य, पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य, जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज की अध्यक्षता में इस महोत्सव का शुभारंभ होगा. गीता जयंती का मुख्य महापर्व 1 दिसम्बर को गीताजी के सामूहिक पाठ के साथ मोक्षदा एकादशी को मनाया जाएगा. इस बार भी ट्रस्ट मंडल द्वारा गीता जयंती महोत्सव को सनातन धर्म एवं संस्कृति के लिए समर्पित बनाए रखने का निर्णय लिया गया है.

गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं कोषाध्यक्ष मनोहर बाहेती ने गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर बताया कि 68वें गीता जयंती महोत्सव में देश के प्रख्यात संत-विद्वानों के आगमन का क्रम शुरू हो गया है. महोत्सव में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगदगुरू स्वामी रामदयाल महाराज, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष राष्ट्र संत आचार्य स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज, जगदगुरू वल्लभाचार्य गोस्वामी वल्लभराय महाराज (सूरत), वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद सहित 50 से अधिक संत एवं विद्वान इस महोत्सव में प्रतिदिन दोपहर 1 से 6 बजे तक सत्संग सत्र में अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे. गीता जयंती महोत्सव में आने वाले संत, विद्वानों से आग्रह किया गया है कि वे गीता भवन की परंपरा के अनुरूप सनातन धर्म एवं संस्कृति पर आधारित ज्वलंत मुद्दों पर भी धर्मालुजनों का मार्गदर्शन कर प्रतिदिन सत्र के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को संकल्प भी दिलाएं कि वे सनातन धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए स्वयं भी आचरण करेंगे तथा अपने बच्चों और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे. बाहर से आने वाले संतों एवं भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था इस बार भी शनि उपासक मंडल के प्रदीप अग्रवाल के सहयोग से की जाएगी.

# साइबर व यातायात सुरक्षा पर पुलिस कमिश्नर ने ली क्लास

▶ सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी में हुआ कार्यक्रम

▶ 250 छात्र ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़े

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर में साइबर सुरक्षा और सुरक्षित यातायात को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के तहत सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस पाठशाला में पुलिस कमिश्नर ने छात्रों को सतर्क रहने और अपने परिजनों को भी साइबर व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करवाने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में 250 छात्रों ने मौके पर ही ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़कर जिम्मेदार नागरिक होने की मिसाल पेश की.**




इंदौर पुलिस द्वारा जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह मुख्य अतिथि थे. उन्होंने कहा कि साइबर अपराध और सड़क हादसे आज समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, जिनसे निपटने का प्रभावी उपाय केवल सतर्कता और जागरूकता है. उन्होंने छात्रों को बताया कि ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए कौन-सी सावधानियां आवश्यक हैं और सड़क हादसों से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन कितना महत्वपूर्ण है. कमिश्नर ने युवाओं से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा में भागीदार बनें, स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें.

**कमिश्नर ने कैप और गिफ्ट देकर किया छात्रों को प्रोत्साहित**-पुलिस कमिश्नर की प्रेरणा से प्रभावित होकर 250 छात्रों ने मौके पर ही ट्रैफिक प्रहरी अभियान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया. कमिश्नर ने संयुक्त रूप से सभी छात्रों को कैप और गिफ्ट देकर उनका उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम में डीसीपी (यातायात/जोन-4) आनंद कलादगी, एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया, एडीसीपी यातायात संतोष कुमार कौल समेत कई अधिकारी, सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेस के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. विनीथ के नायर, रजिस्ट्रार डॉ. मनीष झा, फैकल्टी सदस्य और करीब 800 छात्र उपस्थित रहे.

**साइबर क्राइम और सड़क हादसों से बचने के उपाय बताए**

उन्होंने ट्रैफिक प्रहरी अभियान की भी जानकारी दी और बताया कि इस अभियान में शामिल होकर विद्यार्थी शहर के यातायात प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकते हैं. कार्यक्रम में डीसीपी आनंद कलादगी ने सड़क दुर्घटनाओं के कारण, समाधान और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी दी. एडिशनल डीसीपी क्राइम ने साइबर फ्रॉड के तरीकों, केस स्टडी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहने के उपायों पर चर्चा की.

# पार्श्वकल्पतरू धाम पर सैकड़ों श्वेतांबर जैन समाजजनों का जमावड़ा

▶ देव- देवी, गुरु भगवन्तों का सुगंधित द्रव्य से 18 अभिषेक, 4 घंटे चला पूजन अर्चना

**इंदौर.** श्री पार्श्व कल्पतरुधाम में श्री धारणी धर पार्श्वनाथ जिनालय में गुरुवार को विभिन्न प्रतिमाओं का विधि विधान के साथ 18 अभिषेक सुगंधित द्रव्यों से किया गया. बड़ी संख्या में समाज जनों की सहभागिता रही. इस अवसर पर अमित गुना श्रीजी और साध्वी संघ की निश्रा में अमीझरा श्रीजी की देवरी का अनावरण किया गया. इस अवसर पर तकरीबन 4 घंटे तक श्री धरणीधर पार्श्वनाथ भगवान के जय घोष से पश्चिम क्षेत्र गूंजायमान रहा.

हाईलिंक सिटी स्थित जिनालय में पूज्य मातृहृदय अमित गुणा श्रीजी आदि ठाणा एवं साध्वी संघ की निश्रा में विभिन्न आयोजन हुए. अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि सभी भगवान एवं अधिष्ठायक देव देवी जी एवं गुरु भगवंतो का विभिन्न जड़ी बूटियां एवं पवित्र तीर्थ जल द्वारा अभिषेक किया गया. विधान संजय छाजेड़ सुवासरा वालों के द्वारा किया गया. इस अवसर पर सुबह 9 बजे से जिनालय में समाज जनों का आना शुरू हो गया था जो दोपहर 2 तक जारी रहा, प्रमुख रूप से शांतू पलरेचा, रमेश मारू, धर्म प्रकाश सेठी, अजीत चोपड़ा, मनोज लालवानी, रीना जैन, सुधा बम, अंगुरबाला पालरेचा, हर्षित पोरवाल, मुकेश चोपड़ा, प्रकाश पाल, अभय चोपड़ा, रमेश कोठारी, नवनीत सेठिया, जयंत खबिया, सोहन बैन, श्रेयांश जैन आदि श्री संघ की सहभागिता रही.



# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पत्रिकाओं का लेखन कार्य संपन्न

▶ साधु-साध्वी-भगवंतों के मंगल प्रवेश के साथ 3 दिसम्बर को होगा शुभारंभ

**इंदौर.** द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर 3 से 6 दिसम्बर तक आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए गुरुवार को मंदिर परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में महोत्सव के लाभार्थी परिवारों एवं ट्रस्ट मंडल के सदस्यों ने परंपरागत परिधान में महोत्सव की निमंत्रण पत्रिका का लेखन कार्य श्रेष्ठ मुहूर्त में संपन्न किया. इसके साथ ही मंदिर पर शंखेश्वर पार्श्वनाथ, नाकोड़ा भैरव देव, भौमियाजी एवं मालवा विभूषण आचार्य वीररत्न सूरीश्वर म.सा. की दिव्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां प्रारंभ हो गई है. इस बार द्वारकापुरी श्रीसंघ एवं मंदिर ट्रस्ट को नूतन मुनिराज कलश पुण्यविजय की बड़ी दीक्षा का भी सौभाग्य मिल रहा है.

मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी ने बताया कि गुरुवार को श्रेष्ठ मुहूर्त में महोत्सव की पत्रिका का विधिवत लेखन कार्य संपन्न किया गया. महोत्सव के लिए जाजम के चढ़ावे की विधि पूर्व में ही संपन्न हो चुकी है। पत्रिका मुहूर्त में विधिकारक अरविन्द चोरड़िया के निर्देशन में विभिन्न क्रियाओं के लाभार्थी परिवारों की ओर से राखेचा परिवार सारंगपुर, तांतेड परिवार कुक्षी, पुणे, इंदौर, सोलंकी परिवार, संचेती, सोनी, मेहता, व्होरा, देवड़ा परिवार, कोठीफोडा परिवार, मेहता परिवार, सिरोलिया परिवार, बाफना परिवार, मोदी परिवार, चोरड़िया, मेहता एवं नाहर परिवार, जैन परिवार, गुंदेचा-मेहता परिवार सहित अनेक उदारमना परिवारों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई. इस अवसर पर सुशील जैन, अजय जैन, संजय सोलंकी, ट्रस्ट मंडल के मूणत, सतीश जैन, अजय जैन, समता जैन, नितिन बाबेल, विशाल तितलिया, जितेन्द्र मुराद, रितेश सेखावत एवं वर्धमान मूथा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे जिन्होंने महोत्सव में हरसंभव सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया.



# अदविथ, ऋगवेद, आन्या, आर्या फाइनल में पहुंचे

▶ ऑल इण्डिया चैम्पियनशिप सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट

**इंदौर.** मध्य प्रदेष टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही ऑल इण्डिया चैम्पियनषिप सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में मध्यप्रदेष के अदविथ भार्गव, ऋगवेद मालसे, बालक वर्ग से तथा आन्या राठी एवं महाराष्ट्र की आन्या कुलकर्णी बालिका वर्ग 12 वर्ष आयु में एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेष कर लिया है. प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले दोपहर 3 बजे से खेले जाएंगे।

आज खेले गए मैचों में बालक बर्ग-12 वर्ष आयु एकल सेमीफाइनल में अदविथ भार्गव (म.प्र.) ने अयांष सोनी (म.प्र.) को हराया. ऋगवेद मालसे (म.प्र.) ने रेयांष पटेल (म.प्र.) को हराया. बालिका बर्ग-12 वर्ष आयु एकल सेमीफाइनल में आन्या राठी (म.प्र.) ने वेदेही शर्मा (म.प्र.) को हराया. आर्या कुलकर्णी (महा.) ने ऐषवी जैन (म.प्र.) को हराया. बालक वर्ग-12 वर्ष आयु युगल सेमीफाइनल में ऋगवेद मालसे-ओजस मिश्रा ने शिवांष पाटीदार-भव्या शाह को हराया. रूधव पाटीदार-आरव षिंदे ने नीव खण्डेलवाल-मितान्त झामनानी को हराया. बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु युगल सेमीफाइनल में अवनी सोनी-ऐदीवा धाकड़ ने दीविना धूपर-ऐषवी जैन को हराया. अगन्या भदौरिया-आन्या राठी ने अयाना पटवारी-आषना शर्मा को हराया.




एक नजर में ▶ अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

# कृत्रिम तार्किक बुद्धिमत्ता बिना मानवीय मूल्यों के निरर्थक रहेगी




**इंदौर.**26 नवम्बर 2008 को मुम्बई में हुए आंतकी हमले में इंदौर के युवा गौरव जैन ने अपने प्राण गँवाए थे. अपने समय में सेंट पॉल स्कूल के मेधावी छात्र एवं ओजस्वी वक्ता रहे स्व. गौरव की स्मृति में बी. सी. जैन परिवार, सेंट पॉल स्कूल एवं लायंस सेवा रंजन प्रति वर्ष स्थानीय सेंट पॉल हा. से. स्कूल में एक अँग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं.

प्रतियोगिता का विषय रहा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोपोज डेंजर टू ह्यूमेनीटी'. स्पर्धा में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 8वीं एवं 9वीं के तकरीबन 24 बिवार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, तिरंगा वंदना एवं राष्ट्रगान से हुई. वाद-विवाद प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी सपना जैन द्वारा दी गयी। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा, सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं पूज्य अतिथि फादर जॉलीचन पीजे. थे. अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा, सदस्य-संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार कहा की मानवीयता, संवेदनशीलता, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक के सिद्धांत को समाहित करके एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की सार्थकता भारत के विश्वगुरु की ओर बढ़ते प्रयासों का वौश्विक प्रमाण स्थापित करने में सहायक होगा. आधुनिक तकनीक केवल स्मार्ट मशीनें नहीं, बल्कि नैतिक सहयोगी बने. भारतीय संस्कृति का दृष्टिकोण इस नई तकनीक को सार्थक सहयोगी के रूप में स्थापित कर सकता है. कार्यक्रम के सूत्रधार लायंस डॉ अ.जै. 'रंजन सर' रहे. आभार प्रदर्शन आर्जव जैन द्वारा किया गया. प्रतियोगिता में पक्ष में और विपक्ष में को विजेता घोषित कर प्रमाण पत्र वितरित किए.

**ये रहे विजेता...**

पक्ष में प्रथम शुभ्रा पाण्डे दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल, द्वितीय राघवेन्द्र वत्स चमेली देवी पब्लिक स्कूल रहे. सांत्वना पुरस्कार हर्षिता यादव सिका सि. से. स्कूल को मिला. विपक्ष में प्रथम स्थान काव्या जैन दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल, द्वितीय अन्वेषा चतुर्वेदी सेंट रेफियल्स हा. से. स्कूल रही. सांत्वना पुरस्कार समृद्धि सिंह राजपूत; चमेली देवी पब्लिक स्कूल को मिला. गौरव जैन मेमोरियल रनिंग ट्राफी विजेता विद्यालय दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल रहा.